भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1404**
उत्तर देने की तारीख 12 दिसंबर, 2023
21 अग्रहायण, 1945 (शक)

# 'खेलो इंडिया' योजना

**1404. सुश्री देबाश्री चौधरी :**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में खिलाड़ियों की कुल संख्या कितनी है और 'खेलो इंडिया योजना तथा ऐसी अन्य केन्द्रीय योजनाओं से कितने प्रतिशत खिलाड़ी लाभान्वित हुए हैं;

(ख) विगत पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान 'खेलो इंडिया' योजना के अंतर्गत राज्य/संघ राज्यक्षेत्र वर्ष-वार उन खिलाड़ियों का ब्यौरा क्या है जिन्हें 'खेलो इंडिया' योजना के अंतर्गत वित्तीय सहायता/छात्रवृत्ति प्रदान की गई है;

(ग) उक्त अवधि के दौरान आवंटित निधियों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त अवधि के दौरान इस योजना के अंतर्गत लक्षित खेल अवसंरचना विकास के लिए निर्धारित समय-सीमा और राज्यक्षेत्र- वार वर्तमान स्थिति क्या है?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)**

(क) 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण खेलों के संवर्धन का उत्तरदायित्व मुख्य रूप से संबंधित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र की सरकारों का होता है । केंद्र सरकार उनके प्रयासों में सहायता करती है । खेलो इंडिया स्कीम और अन्य केंद्रीय खेल संवर्धन स्कीमों के तहत क्रमशः 2752 और 8639 खिलाड़ियों को सहायता प्रदान की गई है ।

(ख) पिछले पांच वर्षों के दौरान खेलो इंडिया स्कीम के तहत वित्तीय सहायता/छात्रवृत्ति प्रदत्त खिलाड़ियों की संख्या निम्नानुसार है :-

| क्र.सं. | वित्तीय वर्ष | एथलीटों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 2018-19 | 2431 |
| 2 | 2019-20 | 2711 |
| 3 | 2020-21 | 3030 |
| 4 | 2021-22 | 2816 |
| 5 | 2022-23 | 2742 |
| 6 | 2023-24 | 2752 (30.11.2023 तक) |

(ग) इस मंत्रालय में धनराशि स्कीम-वार आवंटित और जारी की गई जाती है, राज्य-वार नहीं । पिछले पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान खेलो इंडिया स्कीम के माध्यम से खेलों के संवर्धन के लिए आवंटित धनराशि और किए गए व्यय का विवरण निम्नानुसार है :

(करोड़ रु.)

| क्र.सं. | वित्तीय वर्ष | आवंटित धनराशि (संशोधित अनुमान) | किया गया व्यय |
|---|---|---|---|
| 1 | 2018-19 | 500.09 | 342.24 |
| 2 | 2019-20 | 578.00 | 575.52 |
| 3 | 2020-21 | 328.77 | 338.06 |
| 4 | 2021-22 | 869.00 | 764.29 |
| 5 | 2022-23 | 600.00 | 596.39 |
| 6 | 2023-24 | 1000.00 (बजट अनुमान) | 414.11 (30.11.2023 तक) |

(घ) खेलो इंडिया स्कीम के दिशानिर्देशों के अनुसार स्कीम के तहत संस्वीकृत अवसंरचना परियोजना को पूरा करने की समय सीमा इसकी संस्वीकृति की तारीख से दो वर्ष है । खेलो इंडिया स्कीम के तहत संस्वीकृत खेल अवसंरचना परियोजनाओं की स्थिति (https://mdsd.khiloindia.gov.in/) डैशबोर्ड पर उपलब्ध है ।

*****